# ज्योतिष-वेदवेदाङ्ग-संस्कृतसंस्थानम्

राजस्थान प्रान्त अपनी समृद्ध धर्मशास्त्रीय और ज्योतिष परम्परा के लिये विश्व विख्यात है। यहाँ के ज्योतिष शास्त्र और धर्म शास्त्र के विद्वानों ने विश्व स्तर पर अपना परचम लहराया और अनेक शास्त्रीय ग्रन्थों का प्रणयन कर आने वाली पीढ़ी के लिये बहुमूल्य धरोहर संरक्षित की है वेद के छह वेदाङ्ग में ज्योतिष और धर्म शास्त्र लोक जीवन में घनिष्ठ रूप से जुड़े है भारतीय जनमानस में जन्म से लेकर मरण तक के षोडश संस्कार हो अथवा यज्ञादि अनुष्ठान बिना ज्योतिष और धर्मशास्त्र के ज्ञान के बिना संभव नही है इसी कारण पंचांग पूजन और पंचांग श्रवण की परम्परा को धर्म का आधार माना गया है वर्तमान इस अमुल्य धरोहर को मूल स्वरूप में पुन: संस्थापित करने की आवश्यकता आ पड़ी है इसीलिये संस्कृत भाषा एवं प्राच्य विद्याओं (ज्योतिष, कर्मकाण्ड, वेद, पौरोहित्य, योग, वास्तु शिल्प) भारतीय संस्कृति में निहित मानवीय मूल्यों तथा संस्कारों आदि का संरक्षण संवर्द्धन करने के लिए इस संस्था का गठन किया गया है।

ज्योतिष वेद वेदाङ्ग संस्कृत संस्थानम् का गठन सनातन संस्कृति की इन्हीं परम्पराओं को वर्तमान पीढ़ी के बालक-बालिकाओं को परिचित करवाने के लिये किया गया प्रयास है ताकि हमारी वैदिक संस्कृति विलुप्त होने से बचाई जा सके।

यह संस्था निरन्तर सनातन परम्परा एवं सनातन मूल्यों को जनसमाज में अक्षुण्ण बनाये रखने हेतु प्रयत्नरत है। ज्योतिर्विज्ञान के प्रति आस्था एव विश्वास को बढ़ाने हेतु ज्योतिर्विज्ञान के मूलस्वरूप एवं सिद्धान्तों से समाज को अवगत करना संस्था का मूल उद्देश्य है, जिससे आमजन ज्योतिर्विज्ञान के लाभ से लाभान्वित हो सके एवं सुखानुभूति अनुभूत कर सकें।

श्री दिगम्बर जैन आचार्य संस्कृत महाविद्यालय और ज्योतिष वेदवेदाङ्ग संस्कृत संस्थानम् के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी "वेद विज्ञान और अध्यात्म" विषय का आयोजन दिनांक 18-19 मार्च 2023 को जयपुर में किया जा रहा है। उक्त गरिमामय राष्ट्रीय संगोष्ठी में सभी धाराओं के वैदिक ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकज्योतिष वास्तु, रमल ज्योतिष, जैन दर्शन आदि से सम्बन्धित देश एवं प्रदेश के विख्यात, ज्योर्तिविद् मनीषी उपस्थित हो रहे है। इस अखिल भारतीय संगोष्ठी में हम आपको सादर आमंत्रित करते है कृपया इस संगोष्ठी में आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है अत: इस ज्ञानरूपी कार्यक्रम में उपस्थित होकर इस यज्ञ में आहुति प्रदान करें।

**संगोष्ठी में चर्चा एवं शोधपत्र प्रस्तुतीकरण का प्रमुख विषय :-**

**वेद-विज्ञान एवं अध्यात्म**

**उपविषय -**

1. वैदिक वाङ्मय एक वैज्ञानिक चिंतन
2. वैदिक ज्योतिष और अध्यात्म
3. भारतीय दर्शन और अध्यात्म
4. जैन दर्शन की वर्तमान समय में प्रासंगिकता
5. यज्ञ और पर्यावरण संरक्षण
6. ज्योतिष एवं अध्यात्म
7. वेदों में योग
8. योग एवं अध्यात्म
9. योग द्वारा रोग चिकित्सा
10. ज्योतिष द्वारा रोग चिकित्सा

इनके अतिरिक्त मुख्य विषय से जुड़े अन्य उप विषय भी हो सकते है।

# कार्यक्रम की रूपरेखा

## शनिवार, 18 मार्च 2023

### उद्घाटन सत्रम्

**प्रात: 10.00-11.30 बजे तक**

दीप प्रज्वलनम्, स्वस्तिवाचनम्, अतिथिसत्कार एवं उद्बोधनम्

### प्रथम सत्रम्

**समय : मध्याह्न 12.00 बजे से 2.00 बजे**

**चर्चा एवं शोधपत्र के प्रस्तुतीकरण के प्रमुख विषय**

विषय : 1. वैदिक वाङ्मय एक वैज्ञानिक चिंतन
2. वैदिक ज्योतिष और अध्यात्म
3. भारतीय दर्शन और अध्यात्म

**भोजनम् 2.00 बजे 3.00 बजे**

### द्वितीय सत्रम्

**समय : 3.00 बजे से 5.00 बजे**

**चर्चा एवं शोधपत्र प्रस्तुतीकरण के विषय**

1. जैन दर्शन की वर्तमान समय में प्रासंगिकता
2. यज्ञ और पर्यावरण संरक्षण
3. ज्योतिष एवं अध्यात्म

**चायपानम्-5.00 बजे**

### तृतीय सत्रम्

**समय : 5.30 से 7.00 बजे**

**भजन संध्या**

विद्वान उपरोक्त विषयों पर संगोष्ठी में प्रस्तुत किये जाने वाले अपने मौलिक शोधपत्र एवं आलेख संस्था के पते एवं ई-मेल पर प्रेषित कर देवें।

## रविवार, 19 मार्च 2023

**अल्पाहार-9.00 बजे**

### चतुर्थ सत्रम्

**समय : 10.00 बजे से 1.00 बजे**

**चर्चा एवं शोधपत्र के प्रस्तुतिकरण के प्रमुख विषय**

विषय :-
1. वेदों में योग
2. योग एवं अध्यात्म
3. योग द्वारा रोग चिकित्सा
4. ज्योतिष द्वारा रोग चिकित्सा

**भोजनम् -1.00 से 2.00 बजे**

**सम्मान समारोह -समय 2.00 बजे से 5.00 बजे**

**विद्वानों, प्रतिभागियों का सम्मान एवं समारोप कार्यक्रम**

**प्रस्थानम्-5.00**

**पंजीयन शुल्क**

- 500/- शोधछात्रों के लिये (परिचय पत्र अनिवार्य)
- 1500/- अन्य प्रतिभागियों के लिये
- प्रतिभागी रूकने की व्यवस्था स्वंय अपने स्तर पर करेंगें।

**पंजीयन के लिए बैंक विवरण-**

बैंक ऑफ महाराष्ट्र, प्रताप नगर ब्रांच, जयपुर
Bank Account Number : 60339947813
IFSC Code : MAHB00013393, Paytm No. 9950570978

कार्यक्रम स्थल पर पंजीयन की सुविधा उपलब्ध नही रहेगी। अत: पूर्व में ही पंजीयन करवाने का कष्ट करें। पंजीयन कराने के पश्चात् वाट्सएप नम्बर 9950570978 पर ईमेल acharyakirtisharma@gmail.com पर सूचित करें। आगन्तुक प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र के साथ सम्मानित किया जायेगा।

सभी प्रतिभागी भारतीय परिधान में पधारें।

ऑनलाईन शोध पत्र वाचन हेतु गुगल मीट लिंक का प्रयोग करें।
http://meet.google.com/mip-hbws-ugc

Scanned with ACE Scanner